Con 1796

**आर. बी. आई. एस. बी. (सहायक प्रबंधक - राजभाषा)**

**पैनल वर्ष - 2014**

**R.B.I.S.B. (ASSISTANT MANAGER – RAJBHASHA)**

**PY – 2014**

**(अधिकतम अंक—100)**

(Maximum Marks—100)

**(अवधि – 3 घंटे)**

(Duration – 3 hours)

**निर्देश.**—(1) प्रश्नपत्र के दाहिनी ओर दिए हुए अंक प्रश्नों के अधिकतम अंक दर्शाते हैं।

(2) सभी प्रश्नों के उत्तर दें।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर नए पृष्ठ पर दिया जाना चाहिए तथा प्रश्न की संख्या शीर्ष पर बाईं ओर के हाशिए में लिखी जानी चाहिए।

(4) एक ही प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक साथ लिखें। दूसरे शब्दों में, एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर के बीच में किसी अन्य प्रश्न का उत्तर न लिखें।

(5) नाम, रोल नं. तथा अन्य प्रविष्टियां उत्तर-पुस्तिका में केवल निर्धारित स्थान पर ही लिखें तथा इन्हें उत्तर-पुस्तिका और अनुपूरकों पर अन्य कहीं भी न लिखें।

(6) उम्मीदवार उत्तर लिखने के लिए केवल नीली अथवा काली स्याही वाले पेन/ बाल पाइंट पेन का ही प्रयोग करें।

(7) अस्पष्ट लिखाई के लिए अंक काटे जाएंगे।

*Instructions* .—(1) Figures to the right indicate full marks to each question.

(2) Answer all the questions.

(3) Each question should be answered on new page and question number must be written on the top in left margin.

(4) The answers of parts of the same question, if any, should be written together. In other words, the answer of another questions should not be written in-between the parts of a question.

(5) The Name, Roll No. and other entries should be written in the answer-scripts at the specified places only and these should not be written anywhere else in the answer-script and supplements.

(6) Candidate should use only Blue or Black ink pen/ball point pen to write the answers.

(7) Marks will be deducted for illegible hand-writing.

[पलटकर देखिए / *Turn over*

1. निम्नलिखित अवतरण का **हिंदी** में अनुवाद कीजिए :— 20

Translate the following passage into **Hindi** :—

Underdeveloped countries are most susceptible to inflation. Inflation in an underdeveloped economy generally occurs when there is an abnormal increase in the effective demand exerted mainly by the huge government expenditure under the planning process. However, the maintenance of stability in the domestic price level and a fixed, realistic exchange rate are very essential pre-conditions for achieving a maximum rate of sustained economic growth. This needs equilibrium of savings and investment. In an underdeveloped country, however, since the rate of savings is very low, government is usually tempted to raise the level of investment by means of credit expansion and deficit financing. Development efforts of this nature are generally confronted by inflationary price increases. To some economists, inflation is an inevitable price to be paid for economic growth. However, a heated controversy exists as to whether any relationship exists between inflation and economic growth. Nevertheless, it is widely agreed that the policy of development through inflation in underdeveloped countries can be successful and meaningful only if inflation is effectively controlled.

2. निम्नलिखित अवतरण का **अंग्रेजी** में अनुवाद कीजिए :— 20

Translate the following passage into **English** :—

स्वतंत्र भारत की अर्थव्यवस्था के इतिहास पर नजर ड़ालें तो हम पाएंगे कि यह अधिकांशतः समाजवाद उन्मुख रही है, जिसमें निजी क्षेत्र की सहभागिता, विदेशी व्यापार तथा प्रत्यक्ष निवेश पर सरकार का कड़ा नियंत्रण रहा है। लेकिन, 1990 के दशक की शुरुआत से इस स्थिति में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था को वैश्विक अर्थव्यवस्था से जोड़ने के लिए और उसे सुदृढ़ बनाने के लिए आर्थिक सुधारों का रास्ता अपनाया है तथा विदेशी व्यापार और निवेश पर से सरकारी नियंत्रणों को धीरे-धीरे कम किया है। इस प्रकार, भारत ने अपने बाजारों को शेष विश्व के लिए खोल दिया है। साथ ही, जिन उद्योग-धंधों को अब तक स्वयं सरकार चला रही थी, उनमें भी विनिवेश की नीति अपनाई जा रही है और उनमें लगी सरकारी पूंजी को या तो पूरी तरह से हटाया जा रहा है या फिर उसमें कमी की जा रही है। अब निजी क्षेत्र को ऐसे क्षेत्रों में प्रवेश की अनुमति दी जा रही है जो अब तक उनके लिए प्रतिबंधित थे। इसके अलावा, विदेशी निवेश को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि भारत धीरे-धीरे खुली अर्थव्यवस्था वाला देश बनता जा रहा है और बाजार-चालित अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से बढ़ रहा है। हां, सरकारी क्षेत्र कुछ राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुसार परिचालित होता है और उसके जरिये कतिपय सुनिश्चित सामाजिक और आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त किया जाता है।

3. (क) निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों के **हिंदी** रूपांतर लिखिए :— 8

(*a*) Write **Hindi** version of the following technical terms :—

(*i*) Creditor's ledger

(*ii*) Cost of living

अंक/ Marks

(*iii*) Walk-in-customer
(*iv*) Cost overrun
(*v*) Official rate
(*vi*) Floor price
(*vii*) Infusion of capital
(*viii*) Financial sanctions.

(ख) निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों के **अंग्रेजी** रूपांतर लिखिए :— 7

(*b*) Write **English** version of the following technical terms :—

(*i*) सुलभ मुद्रा
(*ii*) गतावधि चेक
(*iii*) विधिसम्मत अधिकार
(*iv*) किराया खरीद
(*v*) प्रचलित कीमत
(*vi*) तैयार माल
(*vii*) पूंजीगत परिव्यय।

4. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर **हिंदी** में संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए :— 9

(*a*) Write short notes in **Hindi** on any **three** of the following :—

(*i*) नवोन्मेष बैंकिंग
(*ii*) जन-धन योजना और आधार कार्ड
(*iii*) शेयर और डिबेंचर में अंतर
(*iv*) चुकता पूंजी
(*v*) असंगठित क्षेत्र।

(ख) निम्नलिखित में से किन्ही **तीन** पर **अंग्रेजी** में संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए :— 6

(*b*) Write short notes in **English** on any **three** of the following :—

(*i*) Demand and time liabilities
(*ii*) G.D.P.
(*iii*) Liberalization
(*iv*) Financial education
(*v*) Information kiosks.

5. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर **हिंदी** अथवा **अंग्रेजी** में निबंध लिखिए :— 15

Write an essay on any **one** of the following topics in **Hindi** or **English** :—

(*i*) वैश्वीकरण के युग में जरूरत है एक वैश्विक भाषा की
(*ii*) स्वच्छ भारत अभियान के सामाजिक और आर्थिक पहलू
(*iii*) सकारात्मक सोच सफ़लता की कुंजी है
(*iv*) गर्म होती पृथ्वी, पर्यावरण रक्षा – आम आदमी की भूमिका
(*v*) भारत – विकासशील देश नहीं, उभरती विश्व शक्ति है।

अंक/
Marks

6. नीचे वर्ग (क), (ख), और (ग) में दिए गए हिंदी शब्दों के अंग्रेजी पर्याय देते हुए उनका अंग्रेजी वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अपने वर्ग के अन्य शब्दों से उनके अर्थ का अंतर स्पष्ट हो जाए :— 15

Write English version of the words given under groups (क), (ख), and (ग) and use them in English sentences in such a way that their meaning is clearly distinguished from the other words of the group :—

(क) गिरवी, बंधक, दृष्टिबंधक, ऋणभार, ऋण-निभाव

(ख) आदाता, आहर्ता, अदाकर्ता, आबंटिती, समनुदेशिती

(ग) विनियम, विनिमय, विलयन, विशाखन, विचलन